प्रति किरायेदार *(नाम)*: ______________________________

किरायेदार का पता: ______________________________

किराये का भुगतान करने या परिसर खाली करने के लिए चौदह दिन का नोटिस

आपको यह नोटिस इसलिए भेजा गया है क्योंकि आपके मकान मालिक ने आरोप लगाया है कि आप निम्नलिखित किराए, उपयोगिताओं और/या आवर्ती या आवधिक शुल्कों का भुगतान करने में विफल रहने के कारण अपने किरायानामा की शर्तों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं।

क्या बकाया है? किन महीनों के लिए? (लागू होने वाले सभी विकल्पों को चुनें)	**डॉलर राशि**
☐ मासिक किराया (महिना/ने लिखें):	$
☐ (महिना/नों): के लिए उपयोगिताएं	$
☐ किराये में निर्धारित किए गए अन्य आवर्ती या आवधिक शुल्क __________ (महिना/ने लिखें):	$
कुल बकाया राशि	**$**

अंतिम तारीख!

आपको इस नोटिस की तामील के **चौदह (14) दिनों** के भीतर अपने मकान मालिक को कुल देय राशि का भुगतान करना होगा, या आपको परिसर खाली करना होगा।

आपके द्वारा मकान मालिक को किया गया कोई भी भुगतान पहले कुल देय राशि पर लागू होना चाहिए जैसा कि इस नोटिस में दिखाया गया है।

इस नोटिस की तामील के बाद चौदह (14) दिनों के भीतर इस नोटिस का पालन करने में किसी भी तरह की विफलता के परिणामस्वरूप न्यायिक कार्यवाही हो सकती है जिसके द्वारा आपको परिसर से निष्कासित किया जा सकता है।

भुगतान कैसे करे

आप अपने किरायानामा में अनुमत किसी भी भुगतान विधि का उपयोग कर सकते हैं। या आप नकद, कैशियर चेक, मनी ऑर्डर, या अन्य प्रमाणित कोष का उपयोग कर सकते हैं।

किराया सहायता और अनुवाद

Washington राज्य Office of the Attorney General (अटर्नी जनरल के कार्यालय) के पास यह नोटिस कई भाषाओं में है और साथ ही उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी है जो आपको राज्य और स्थानीय किराया सहायता कार्यक्रमों सहित, अपने किराए का भुगतान करने में मदद करने के लिए, इसकी वेबसाइट atg.wa.gov/landlord-tenant पर उपलब्ध है।

राज्य का कानून आपको न्यायालय में दुभाषिया सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार भी प्रदान करता है।

कानूनी मदद

राज्य का कानून आपको कानूनी प्रतिनिधित्व का अधिकार प्रदान करता है और यदि आप कम आय वाले पात्र किराएदार हैं तो अदालत आपके लिए बिना किसी लागत के आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक वकील नियुक्त कर सकती है।

यदि आपको लगता है कि आप एक कम-आय वाले पात्र किराएदार हैं और चाहते हैं कि आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक वकील नियुक्त किया जाए, तो कृपया संपर्क करें:

- **Eviction Defense Screening Line (निष्कासन प्रतिरक्षा जाँच लाइन)** 855-657-8387
- ऑनलाइन आवेदन करें: nwjustice.org/apply-online

अन्य संसाधन

- 2-1-1 पर कॉल करें
- Northwest Justice Project CLEAR हॉटलाइन King County के बाहर: 888-201-1014, कार्यदिवस सुबह 9:15 - दोपहर 12:15 तक, या 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए: 888-387-7111
- आपको अपनी सहायता के लिए अतिरिक्त जानकारी washingtonlawhelp.org पर मिल सकती है।

विवाद का समाधान

किसी भी न्यायिक कार्यवाही से पहले किराया भुगतान न करने के विवादों में सहायता के लिए नि: शुल्क या कम लागत वाली मध्यस्थता सेवाएं पूरे राज्य में विवाद समाधान केंद्रों पर भी उपलब्ध हैं।

आप अपना निकटतम विवाद समाधान केंद्र resolutionwa.org पर देख सकते हैं।

मालिक/मकान मालिक के हस्ताक्षर ▶ ______________________ तारीख: ______________

जहां कुल देय राशि का भुगतान किया जाना है: मालिक/मकान मालिक का नाम: ______________________

पता: ______________________________